अपराध

घंटाघर में व्यापारी को धमकाने, जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने की कार्रवाई

व्यापारी को धमकाया, पुलिस ने दबोचा

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के सबसे व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र घंटाघर बाजार में एक किराना व्यापारी से डंडे के दम पर अवैध वसूली करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले दो शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक आदतन अपराधी है, जिस पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दुबे कॉलोनी निवासी ईश्वर लाल गेई की घंटाघर में रामचंद्र एण्ड संस के नाम से किराना दुकान है। बीती 29 जून की रात को क्षेत्र के दो बदमाश छोटू निषाद और शिब्बू शाण्डिल्य उनकी दुकान पर पहुंचे। दोनों ने व्यापारी से शराब पीने के लिए जबरन पैसों की मांग की। जब व्यापारी ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकले। घटना से नाराज व्यापारी संघ ने पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी अपने ठिकानों से फरार थे। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी जुहला बायपास स्थित अमन ढाबा के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी गांधी गंज निवासी छोटू उर्फ गिरधारी निषाद और अशोक कॉलोनी निवासी शुभम उर्फ शिब्बू शाण्डिल्य है। पुलिस कहना है कि क्षेत्र में गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में अब तक 60 .9 मिलीमीटर हुई बारिश

नवभारत, कटनी। जिले में 1 जून से 2 जुलाई तक कुल 60.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष अब तक जिले में 186.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 290.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील बरही में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 94.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 64.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 87.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 14 मिलीमीटर, बरही तहसील में 94.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 79 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 34.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 93.1 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 18.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

गुरजी और बरजी में चली जेसीबी, हटाया अतिक्रमण

सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर की गई कार्रवाई

नवभारत, रीठी। जिले की रीठी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरजी और बरजी में प्रशासन ने सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया और संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई में रीठी तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, सलैया चौकी प्रभारी विनोद पांडे, आरआई, हल्का पटवारी सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन ने आम नागरिकों से कहा गया है कि वे सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न करें। यदि कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं किया जाए। ऐसा करने पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस, मांगा जवाब

नवभारत, कटनी। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मई 2026 में प्राप्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की 16 शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया। परिणामस्वरूप सभी शिकायतें बिना निराकरण के उच्च स्तर पर अंतरित हो गईं। इस लापरवाही के कारण स्वास्थ्य विभाग को 10 अंकों के वेटेज में केवल 9.85 अंक प्राप्त हुए, जिससे न केवल विभागीय प्रदर्शन प्रभावित हुआ, बल्कि जिले की समग्र ग्रेडिंग पर भी प्रतिकूल असर पड़ा। नोटिस में कहा गया है कि यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता ओर शासन की जनसेवा संबंधी व्यवस्था के प्रति लापरवाही का परिचायक है। इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा के नियम का उल्लंघन माना गया है। कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही के संबंध में सात दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया जाए।

शैक्षणिक वातावरण से बच्चों को कराया गया परिचित

आयोजित किया गया एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम

नवभारत, उमरियापान। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र छिंदहाई, सेक्टर सरसवाही, परियोजना ढीमरखेड़ा द्वारा गुरुवार को 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का प्रथम एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। यह गतिविधि 2 जुलाई 2026 को बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से संपन्न हुई। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें स्कूल के विभिन्न कक्षों, परिसर और शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया गया। बच्चों को विद्यालय के परिवेश, दैनिक गतिविधियों और खेलकूद के महत्व की जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें विद्यालय में प्रवेश के प्रति उत्साहित करते हुए आनंददायक वातावरण में सीखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि विकसित करना और आंगनबाड़ी से विद्यालय में सहज और सुगम संक्रमण सुनिश्चित करना रहा।

कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि ज्ञान से सशक्त बनाना

निर्माणाधीन कंप्यूटर लैब का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने केवल व्यवस्थाओं का अवलोकन ही नहीं किया, बल्कि विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी किया। उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय भवन, विभिन्न कक्षाओं, पुस्तकालय, इग्नू अध्ययन केंद्र, सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और आधुनिक संसाधनों से सशक्त बनाना है। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में लगभग 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाली आधुनिक ऑनलाइन परीक्षा कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नक्षत्र वाटिका के समीप औषधीय, वनस्पति और अध्ययन-अध्यापन में उपयोगी पौधों की विशेष रोपणी विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह रोपणी विद्यार्थियों के लिए प्रकृति आधारित अध्ययन का जीवंत प्रयोगशाला स्वरूप बनेगी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछे और उनकी तैयारी का स्तर जाना। पन्ना जिले के रेपुरा निवासी छात्र करण चौधरी ने बताया कि छात्रावास में रहने के कारण ई-लाइब्रेरी की सुविधा उसके लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है और अब अध्ययन सामग्री के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता। वहीं बहोरीबंद निवासी नीरज चौधरी ने कहा कि ई-लाइब्रेरी के माध्यम से कठिन विषयों की जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी हो गई है। विद्यार्थियों के अनुभव सुनकर कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी को ज्ञान का आधुनिक केंद्र बताते हुए इसकी सराहना की। कलेक्टर ने ग्राम जुहला की छात्रा राधा कोरी से भारतीय रिजर्व बैंक एवं अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रश्न पूछे। राधा ने सभी प्रश्नों के सटीक, तार्किक और आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर दिया।

सार्वजनिक उपयोग की भूमि बेची, कॉलोनाइजर पर एफआईआर

स्वीकृत कॉलोनी में अनियमितता का आरोप

नवभारत, कटनी। नगर पालिक निगम द्वारा स्वीकृत कॉलोनी लेआउट में सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि पर कथित रूप से अवैध निर्माण किए जाने के मामले में निगम प्रशासन द्वार सख्त कार्रवाई करते हुए जालपा देवी वार्ड निवासी कॉलोनाइजर नीलेश कुमार चौदहा पिता गोपाल दास चौदहा के खिलाफ मंगलवार एनकेजे थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा थाना एनकेजे में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित ग्राम खिरहनी की भूमि खसरा नंबर 1368/1 पर वर्ष 2003 में कॉलोनी विकास की अनुमति प्रदान की गई थी। स्वीकृत अभिन्यास में लगभग 4400 वर्गफुट भूमि पार्क और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आरक्षित की गई थी। जांच में पाया गया कि संबंधित कॉलोनाइजर द्वारा स्वीकृत लेआउट के विपरीत आरक्षित भूमि पर चार भवनों का निर्माण अवैध रूप से कर लिया गया है। इनमें से ब्लॉक सी में दो भवनों के भूखंडों भूखंड क्रमांक एक और दो का विक्रय वर्ष 2006 में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से किया गया, जबकि ब्लॉक बी में बने शेष दो भवन अभी भी कॉलोनाइजर के आधिपत्य में बताए गए हैं।

नगर निगम ने इस कृत्य को स्वीकृत कॉलोनी लेआउट और सार्वजनिक हित के विपरीत मानते हुए इसे मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध मानकर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

अधिक से अधिक पौधे लगाएं, उनकी देखभाल भी करें

न्यायालय परिसर में किया गया पौधरोपण

नवभारत, उमरियापान। जिले की ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती पूर्वी तिवारी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने संबोधन में श्रीमती पूर्वी तिवारी ने कहा कि वन है तो जीवन है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

बुजुर्ग से डेढ़ लाख से अधिक की ठगी

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग से ऑनलाइन फ्रॉड कर डेढ़ लाख रूपए से अधिक की ठगी कर ली गई। जानकारी के अनुसार पुलिस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पीड़ित अशोक विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा के बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करते हुए 1 लाख 58 हजार 999 रुपए निकाल लिए। खाते से इतनी बड़ी रकम कटने का पता चलते ही पीड़ित के होश उड़ गए, जिसके बाद उन्होंने तत्काल थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। माधवनगर पुलिस ने पीड़ित अशोक विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश और तकनीकी साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। लेकिन अब तक पुलिस के पास ऐसा कोई सुराग नहीं है, जिसके आधार पर ठगी करने वालों को पकड़ा जा सके। हालांकि पुलिस टीम साइबर सेल के माध्यम से आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। सुराग मिलने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

बैठक

कलेक्टर की अध्यक्षता में शासकीय तिलक कॉलेज की जनभागीदारी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

प्रतिस्पर्धी दौर में छात्र को सिर्फ अकादमिक शिक्षा हीं नही, सही मार्गदर्शन भी जरूरी

नवभारत, कटनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को आधुनिक, सुरक्षित और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर और समिति के अध्यक्ष तिवारी ने बैठक में छात्र सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास, डिजिटल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, छात्रावास प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट एवं व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित आय, विकास कार्यों तथा जनभागीदारी मद से प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनभागीदारी समिति का प्रत्येक निर्णय विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित, सुविधा और संस्थान के दीर्घकालीन विकास को ध्यान में रखकर लिया जाए। उन्होंने महाविद्यालय भवन की मरम्मत, छतों में सीपेज की समस्या के स्थायी निराकरण, प्रयोगशालाओं के उन्नयन, सभागार के आधुनिकीकरण, आधुनिक फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रयोगशाला उपकरण, खेल सामग्री, नवीन पुस्तकों की खरीदी को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक स्वीकृतियां दी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को सिर्फ अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और मानसिक संबल भी आवश्यक है। उन्होंने महाविद्यालय में नियमित कैरियर काउंसलिंग और मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी अपने भविष्य के प्रति जागरूक और आत्मविश्वासी बन सकें। बैठक में महाविद्यालय में कार्यरत लगभग 35 आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने प्राचार्य को निर्देश दिए कि सभी पात्र कर्मचारियों का जल्द पंजीयन कराया जाए, जिससे उन्हें भविष्य में पेंशन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके। बालिका छात्रावास की भोजन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से छात्राओं को समझाइश देने को कहा कि वे छात्रावास में भोजन, चाय, अन्य खाद्य सामग्री बनाने के लिए बिजली से चलने वाले हीटिंग उपकरणों का उपयोग न करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सके।